चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

अनुस्मारक–08

पत्रांक : गोप0/800
दिनांक : 29.04-2024

अति आवश्यक/सर्वोच्च प्राथमिकता
विज्ञप्ति

विषय : एन0ई0पी0 के अन्तर्गत बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0 प्रथम व तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर–2022 एवं द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर जून–2023 का परीक्षा परिणाम आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंकों के अभाव में घोषित न हो पाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा एन0ई0पी0 के अन्तर्गत प्रथम/तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर–2022 एवं द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर जून–2023 के बी0ए0/बी0एससी0/बी0कॉम0 पाठ्यक्रमों के आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंक अपलोड न करने एवं कुलसचिव प्रति विश्वविद्यालय में जमा न करने के अभाव में अभी तक घोषित नहीं किये जा सके हैं। ऐसे लम्बित महाविद्यालयों/संस्थानों का सेमेस्टरवार विवरण निम्नवत् है :–

क्र0सं0	सेमेस्टर	लम्बित महाविद्यालयों/संस्थानों की संख्या	अभ्युक्ति
1	प्रथम सेमेस्टर	05	सूची संलग्न
2	द्वितीय सेमेस्टर	19	सूची संलग्न
3	तृतीय सेमेस्टर	05	सूची संलग्न
4	चतुर्थ सेमेस्टर	23	सूची संलग्न

उक्त आन्तरिक/प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा के अंकों को पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में पूर्व विज्ञप्ति संख्या–गोप0/1178, दिनांक 22.07.2023, विज्ञप्ति संख्या–गोप0/1786, दिनांक 06.10.2023, विज्ञप्ति संख्या–गोप0/1957, दिनांक 21.11.2023, विज्ञप्ति संख्या–गोप0/2056, दिनांक 05.12.2023, विज्ञप्ति संख्या–गोप0/265, दिनांक 13.02.2024, विज्ञप्ति संख्या–गोप0/327, दिनांक 26.02.2024 एवं विज्ञप्ति संख्या–गोप0/463, दिनांक 15.03.2024 भी जारी की जा चुकी हैं।

यह भी उल्लेख करना है कि जून–2023 में जिन छात्र/छात्राओं का चतुर्थ सेमेस्टर था उनका जून–2024 में षष्ठम सेमेस्टर होगा और सर्वोच्च अंक/सी0जी0पी0ए0 प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रा को इस वर्ष आयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह में मेडल भी प्रदान किया जायेगा।

अतः उक्त सूची में अंकित प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से पुनः अनुरोध है कि सूची का अवलोकन कर लें और यदि उनके द्वारा वांछित अंक पोर्टल पर अपलोड कर दिये गये हैं तो उनकी पाठ्यक्रम/विषय/कोडवार 03 हस्ताक्षरित पोर्टल प्रतियां गोपनीय विभाग की खिड़की नं0–40 पर जमा कराने का कष्ट करें ताकि उनके परीक्षा परिणाम घोषित किये जा सके।

संलग्नक : यथोक्त।

29.04.2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/रिजल्ट सेल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. मैसर्स मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0 एवं मैसर्स एन0आई0पी0एल0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी, वेबसाईट चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
7. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)